## कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ

संख्या–एम0ई0–3 / 2023 / लखनऊःदिनांक 19 अक्टूबर,2023

## यू0पी0 नीट यू0जी0–2023 के अन्तर्गत ऑन–लाईन द्वितीय स्ट्रे वैकेन्सी राउन्ड की समय–सारणी (बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम)

भारत सरकार के पत्र संख्या–यू–11011 / 01 / 2023–एम0ई0सी0 (पी0टी0–II) दिनांक 13 अक्टूबर 2023 के कम में राजकीय / निजी क्षेत्र के डेंटल कालेजों / संस्थानों / विश्वविद्यालयों के स्नातक पाठ्यकमों (बी0डी0एस0) में प्रवेश हेतु ऑन लाईन द्वितीय स्ट्रे वैकेंसी राउण्ड की समय–सारणी निम्नवत् हैः–

| क0सं | विवरण | तिथि | कुल दिवस |
|---|---|---|---|
| 1 | आनॅलाईन पंजीकरण की तिथि | दिनांक 20 अक्टूबर 2023 (प्रातः 11:00 बजे) से दिनांक 23 अक्टूबर 2023 (प्रातः 11:00 बजे) तक | 03 दिवस |
| 2 | पंजीकरण धनराशि एवं धरोहर धनराशि जमा करने की तिथि | दिनांक 20 अक्टूबर 2023 (प्रातः 11:00 बजे) से दिनांक 25 अक्टूबर 2023 (सायं 5:00 बजे) तक | 06 दिवस |
| 3 | ऑन लाइन अभिलेखो के सत्यापन की तिथि | दिनांक 20 एवं 21 अक्टूबर 2023 तथा 25 अक्टूबर 2023 (सायं 5:00 बजे) तक | 03 दिवस |
| 4 | मेरिट सूची घोषित करने की तिथि | दिनांक 25 अक्टूबर 2023 | 01 दिवस |
| 5 | ऑनलाइन च्वाइस फिलिंग की तिथि | दिनांक 26 अक्टूबर 2023 (पूर्वान्ह 11:00 बजे) से दिनांक 27 अक्टूबर 2023 तक (सायं 5:00 बजे) तक | 02 दिवस |
| 6 | परिणाम घोषित करने की तिथि | दिनांक 28 अक्टूबर 2023 | 01 दिवस |
| 7 | आवंटन पत्र डाउनलोड करने तथा प्रवेश लेने की तिथि | दिनांक 30 अक्टूबर 2023 से 31 अक्टूबर 2023 तक | 02 दिवस |

- द्वितीय स्ट्रे वैकेंसी राउण्ड का आयोजन बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम की रिक्त सीटों हेतु ऑन–लाईन कांउसिलिग के माध्यम से सम्पन्न कराया जायेगा।
- द्वितीय स्ट्रे वैकेंसी राउण्ड में प्रतिभाग करने हेतु समस्त अर्ह अभ्यर्थियों को वेबसाइट ***https://upneet.gov.in*** पर रू0 1000 / –(रू0 एक हजार मात्र) पंजीकरण शुल्क जमा करते हुये नवीन पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।
- द्वितीय स्ट्रे वैकेंसी राउण्ड हेतु अभ्यर्थियों द्वारा धरोहर धनराशि राजकीय क्षेत्र के कालेज हेतु रू0 30,000 / –(रू0 तीस हजार मात्र) एवं निजी क्षेत्र के डेण्टल कालेज हेतु रू0 1,00,000 / –(रू0 एक लाख मात्र) ऑन–लाईन जमा किया जाना अनिवार्य है।
- यू0पी0 नीट यू0जी0 2023 की प्रथम, द्वितीय काउंसिलिंग, मॉप–अप तथा स्ट्रे वैकेन्सी राउन्ड से आवंटन प्राप्त अभ्यर्थियों तथा आल इण्डिया कोटा के किसी भी चक्र की कांउसिलिंग के माध्यम से प्रवेशित अभ्यर्थी द्वितीय स्ट्रे वैकेंसी राउण्ड हेतु अर्ह नहीं होगें।
- ऐसे अनांवटित अभ्यर्थी जिनकी धरोहर धनराशि पूर्व में जमा है, उन्हें द्वितीय स्ट्रे वैकेंसी राउण्ड हेतु पुनः धरोहर धनराशि जमा करने की आवश्यकता नहीं है।
- ऐसे अभ्यर्थी जिनके मूल अभिलेखों का सत्यापन प्रथम, द्वितीय काउंसिलिंग, मॉप–अप तथा स्ट्रे वैकेन्सी राउन्ड के समय हो चुका है, उन्हें पुनः सत्यापन कराने की आवश्यकता नहीं है।
- च्वाईस फिलिंग (Choice filling) के लिये वही अभ्यर्थी अर्ह होंगें, जिनके मूल अभिलेखों का ऑनलाईन सत्यापन हो चुका होगा एवं जिन्होंने धरोहर धनराशि ( Security Money ) जमा की होगी।
- नीट यू0जी0–2023 कांउसिलिंग संबंधी सभी सूचनायें ***https://upneet.gov.in*** एवं ***www.dgme.up.gov.in*** पर अपलोड की जायेगी।

महानिदेशक

संख्या–एम0ई0–3/2023/2540 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, चिकित्सा शिक्षा, उ0प्र0 शासन।
2. निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री जी, चिकित्सा शिक्षा, उ0प्र0 शासन।
3. प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–4
4. निदेशक, एन0आई0सी0, योजना भवन, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ कि उपर्युक्त विज्ञप्ति को विभाग की वेबसाईट **https://upneet.gov.in** पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
5. रजिस्ट्रार, के0जी0एम0यू0, लखनऊ, प्रधानाचार्य निजी क्षेत्र के डेंटल कालेज/संस्थान/विश्वविद्यालय को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को अपने कार्यालय के नोटिस बोर्ड तथा वेबसाईट पर प्रदर्शित करने का कष्ट करे/ समस्त नोडल सेन्टर डाक्यूमेन्ट वेरिफिकेशन, नीट यूजी 2023।
6. समस्त सदस्य कांउसिलिंग बोर्ड, नीट यू0जी0 2023
7. शाखा प्रबन्धक, भारतीय स्टेट बैंक, जवाहर भवन/आई0सी0सी0आई0बैंक, राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ।
8. शिविर सहायक, महानिदेशक महोदया।

**(महानिदेशक)**
चिकित्सा शिक्षा